पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में एक महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यों की समीक्षा की गई

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का पंजीकरण अधिक से अधिक हो

गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का इलाज सरकारी अस्पताल में हो

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 17 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग और अन्य विभाग शामिल थे।

राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का पंजीकरण अधिक से अधिक हो। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का इलाज सरकारी अस्पताल में हो, निजी अस्पताल में इलाज न हो। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजनान्तर्गत 05 लाख तक का मुफ्त इलाज हो तथा समय से उसका भुगतान करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही टीबी मरीजां को गोद लिये गये लोगों द्वारा निरीक्षण कर प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।

डॉ0 संगीता चौधरी,

सूचना अधिकारी, राजभवन

मो0: 9161668080